आपके विद्यालय में खेल की उपयुक्त सामग्री है तथा समय-समय पर सभी स्तरों पर मैच का आयोजन भी किया जाता है। विद्यालय के खेल कप्तान होने के नाते प्रधानाचार्य के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पत्र लिखिए। (Hindi Course B-SQP 2022-23)

उतर –

सेवा में,

श्रीमान् प्रधानाचार्य जी,

अ.ब.स. विद्यालय,

नई दिल्ली।

विषय – उपयुक्त खेल सामग्री के लिए आभार व्यक्त करने हेतु।

माननीय महोदय,

सविनय निवेदन यह है कि मैं विद्यालय के गत दो वर्ष से खेल कप्तान होने के नाते आपको उन सभी खेल उपकरणों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं जो आपने इस विद्यालय के लिए खरीदे हैं। समय-समय पर आयोजित होने वाले सभी स्तरों के मैचों में यही उपकरणों का उपयोग होता है तथा उपयुक्त खेल सामग्री होने से खिलाड़ी मैच से पहले अच्छे से अभ्यास करते है। नतिजन, अन्य विद्यालय के खिलाड़ियों से हमारे विद्यालय के खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करते है, जो हमारे विद्यालय के लिए गर्व की बात है।

अतः आपके सहयोग तथा प्रोत्साहन के लिए हम सब आपके आभारी हैं। आशा करते हैं भविष्य में भी इसी प्रकार आपका सहयोग तथा आशीष हमें मिलता रहेगा।

धन्यवाद सहित।

भवदीया

क.ख.ग. (विद्यालय का खेल कप्तान)

दिनांक – 08/08/2023

Top

आप शौर्य /शारवी हैं। आप अपने लिए ऑनलाइन पुस्तकें खरीदी थीं। रुपये जमा हो गए परंतु पुस्तकें प्राप्त नहीं हो सकी। इस बात की शिकायत करते हुए संबंधित अधिकारी को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए। (Hindi Course B-SQP 2021-22)

उतर –

सेवा में,

प्रबंधक,

क.ख.ग. प्रकाशन,

नई दिल्ली ।

विषय – ऑनलाइन खरीदी पुस्तक अभी तक प्राप्त नहीं होने के संबंध में।

महोदय,

सविनय निवेदन यह है कि मेरा नाम शारवी है। लगभग दस दिन पहले, मैंने आपकी एबीसी पब्लिकेशन से 500 रुपये का भुगतान करके कक्षा नौ की हिन्दी और अंग्रेजी की दो पुस्तकों का ऑनलाइन ऑर्डर दिया था। रुपये तो जमा हो गए थे, लेकिन पुस्तकें अभी तक मुझे नहीं मिली है। जबकि ऑर्डर देते समय साइट पर तीन दिन के अंदर डिलीवरी करने का समय दिखा रहा था लेकिन इतने दिन बीत जाने के बावजूद भी मुझे पुस्तकें अभी तक प्राप्त नहीं हो सकी है। पुस्तक ना मिलने से मेरी पढ़ाई बाधित हो रही है। मैंने कई बार आपके प्रकाशन हाउस के दिए गए दूरभाष नम्बर पर सम्पर्क करने का प्रयास किया किन्तु मुझे असफलता ही हाथ लगी।

अत: आपसे निवेदन है कि पुस्तकों को शीघ्र – अति – शीघ्र भिजवाने की कृपा करें।

धन्यवाद।

भवदीया

शारवीletter grade 9